(ग) उक्त पत्र में विभिन्न माडलों, लागत आदि के संबंध में उपकरण-क्षमता, टिकाऊपन, उपयुक्तता संबंधी कार्य निष्पादन के बारे में ब्यौरे नहीं दिए गए हैं। इस उपकरण को स्थापित करने के लिए अनुमति/पंजीकरण तथा प्रधान मंत्री रोजगार स्कीम के तहत 3.0 लाख रुपए के ऋण के लिए अनुरोध किया गया है।

इस प्रकार के सभी निवेदनों को आटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन आफ इंडिया, पुणे, भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून तथा वाहन अनुसंधान विकास प्रतिष्ठान, अहमदनगर जैसी सरकार से अनुमोदित आटोमोटिव परीक्षण एजेंसियों को ऐसे उपकरणों का मानक परीक्षण शर्तों के तहत मूल्यांकन करने के लिए भेजा जाता है। उपकरण के अन्वेषक पेटेंट्स महानियंत्रक उद्योग मंत्रालय से पेटेंट्स के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आयुक्त, लघु उद्योग व्यक्तियों द्वारा उद्योग स्थापति करने के लिए ऋण प्रदान करते हैं।

(घ) मोटरगाड़ियों से होने वाले प्रदूषण के नियंत्रण के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इनमें निम्नलिखित सम्मिलित है।:-

1. विभिन्न राज्य परिवहन प्राधिकरणों द्वारा सड़क पर चल रहे वाहनों के लिए निर्धारित उत्सर्जन मानक लागू किये जाते हैं।
2. दिल्ली जैसे शहरों के परिवहन विभागों द्वारा यानीय प्रदूषण के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों, बचाव उपायों और सांविधिक दंडात्मक उपायों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए गहन जागरूकता अभियान चलाएं गए हैं।
3. 1.4.1995 से दिल्ली, मुम्बई, कलकत्ता और मद्रास के चार महानगरों में सीसा-रहित पेट्रोल और उत्प्रेरक परिवर्तक लगे हुए चार पहिया वाहन आरम्भ किए गए थे।
4. सरकार के पास परिवहन सेक्टर में बेचने हेतु डीजल में सल्फर की मात्रा कम करने के लिए एक चरणबद्ध कार्यक्रम है।

Selection for Traffic Apprentice in R.R.B., Secunderabad

709. SHRIV. HANUMANTHA RAO: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Railway Recruitment Board, Secunderabad had conducted a written examination for Traffic Apprentices under Employment Notice No. 1/93;

(b) whether the written examinations were duly held in Secunderabad;

(c) if so, whether the results have been declared; and

(d) the number of candidates selected through said exam?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SATPAL MAHARAJ): (a) to (c) Yes, Sir,

(d) 15 candidates.

हबीबगंज रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य

710. श्री राघवजी: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में हबीबगंज रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य अभी भी पूरा नहीं हुआ हैं।

(ख) यह कार्य कब तक पूरा किया जाना था।

(ग) क्या इस कार्य को पूरा किए जाने में कोई विलम्ब हुआ है; यदि हां, तो उसके क्या कारण है; और

(घ) यह निर्माण कार्य कब तक पूरा कर लिया जाएगा?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) जी हां, बहरहाल नई इमारत का एक बड़ा हिस्सा पूरा हो चुका है तथा उसका उद्घाटन कर दिया गया है।

(ख) तथा (ग) लक्ष्य तिथि दिसंबर, 1995 थी किंतु चूंकि स्थल से अतिक्रमण को राज्य सरकार तथा द्वारा जुलाई, 1995 तक नहीं हटाया जा सका, इसलिए काम के समापन में विलंब हुआ।

(घ) 31.10.96 तक।

Projection of India's Cultural Heritage Abroad

711. SHRI RAMDAS AGGARWAL: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state: (a) whether Government are aware that India's great cultural and ancient heritage, the Vedas, Upanishads, Yoga and other lasting achievements which interest West, United States and other countries most, are not being projected properly by our representatives/ lecturers abroad in foreign Universities;

(b) if so, the steps Government propose to take or have taken so far in this regard; and

(c) whether Government propose to invite more and more foreign students to Indian Universities where such courses are being taught so that our ancient and cultural heritage reaches all corners of the world in a more practical way?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPTT. OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MUHI RAM SAIKIA): (a) to (c) Several measures to promote India's cultural heritage are being undertaken. According to the information provided by the UGC, financial assistance for promotion and preservation of Indian cultural heritage and values is being provided under various schemes such as Vedic Studies, Buddhist Studies, Value oriented education etc. These together with bilateral & cultural exchange programmes administered between India and about 70 other foreign countries promote the exchange of scholars in various fields including that of Indian culture e.g. the Government of India and the Shastri Indo-Canadian Institute have also signed an Agreement for exchange of scholars and books between India and Canada.

रेल दुर्घटना से शिकार व्यक्तियों को क्षतिपूर्ति

712. श्री दिलीप सिंह जूदेव: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 4 सितम्बर 1992 को दक्षिण पूर्व रेलवे के अन्तर्गत किरोड़ीमल स्टेशन पर हुई 322 डाउन सवारी गाड़ी की दुर्घटना में मारे गये चालीस व्यक्तियों के किये गये क्षतिपूर्ति दावों में से जुलाई 1995 तक कितने दावों का निपटारा कर दिया गया था;

(ख) उक्त क्षतिपूर्ति दावों के संबंध में किन-किन व्यक्तियों को कितनी-कितनी राशि का भुगतान किस-किस तारीख को किया गया; और

(ग) इस दुर्घटना में घायल और विकलांग हुए कितने और किन-किन व्यक्तियों को कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया और उन व्यक्तियों को ब्यौरा क्या है जिनके मृत्यु क्षतिपूर्ति दावों और विकलांगता क्षतिपूर्ति दावों का निपटारा अभी तक नहीं किया गया है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) से (ग) 40 मृत्यु के मामलों में से 33 मामलों के लिए दावे प्राप्त हुए, 33 दावे मामलों में से जुलाई, 1995 तक 5 मामले निपटा दिए गए हैं। जुलाई, 1995 के बाद 26 और मृत्यु दावों के मामलों को निपटा दिया गया है। 2 मामलों पर रेल दावा अधिकरण द्वारा निर्णय लिया जाना है। घायल होने के मामलों में 17 मामलों के लिए दावे प्राप्त हुए, 17 मामलों में से 5 मामलों में भुगतान किया जा चुका है तथा शेष मामलों को रेल दावा अधिकरण भोपाल पीठ ने खारिज कर दिया है। दावेदार के नाम, भुगतान की गई रकम तथा भुगतान की तारीख के बारे में विवरण नीचे दिया गया है:-

I. **जुलाई 1995 तक किया गया भुगतान**

	आवेदक का नाम	एकक	भुगतान की तिथि
1.	श्रीमती सुरेश	2,00,000	23.05.94
2.	श्री दिलीप कुमार राठौड़	2,00,000	10.01.95
3.	श्रीमती गीता	2,00,000	23.05.93
4.	श्रीमती लक्ष्मीबाई	2,00,000	23.05.94
5.	श्री आर॰ए॰ नरसम्मा	2,00,000	जून, 1994
II.	**जुलाई 1995 के बाद किया गया भुगतान**		
1.	श्री वेद प्रकाश शर्मा	2,00,000	14,08,95
2.	श्रीमती सुबद्रा	2,00,000	13.09.95
3.	श्री ए॰एस॰ पिल्लै	2,00,000	03.08.95
4.	श्री दादूराम साहू	2,00,000	03.08.95
5.	श्रीमती रजिया सेखानी	2,00,000	11,12,95
6.	श्री एस॰ मैथी	2,00,000	03.08.95
7.	श्रीमती जानकी बाई	2,00,000	21.11.95
8.	श्री मोहन लाल	1,00,000	18.12.95
		1,00,000	12.01.96
9.	श्री चुरूराम मैती	2,00,000	03.08.95
10.	श्रीमती गनेशा बाई	2,00,000	03.08.95
11.	श्रीमती राजरानी शर्मा	2,00,000	03.08.95
12.	श्रीमती तिलमती सफनामी	2,00,000	06.11.95
13.	श्री मालक शाह	2,00,000	11.12.95
14.	श्रीअली शाह	2,00,000	11.12.95
15.	श्रीमती कृष्णा बाई	2,00,000	03.08.95
16.	श्री शान्ति मिश्रा	2,00,000	11.12.95
17.	श्री प्रेमलाल अग्रवाल	2,00,000	12.02.96
18.	श्री सत्या मिश्रा	2,00,000	11.12.95
19.	श्री राम दीवान सिंह	2,00,000	03.08.95